सत्यमेव जयते

भारत सरकार

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय

प्रशिक्षण महानिदेशालय

*****

अपील

"हिंदी दिवस" के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि संविधान सभा द्वारा 14.9.1949 को हिंदी को राजभाषा के रुप मे स्वीकार किया गया था, तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर का दिन हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता हैं। तभीं से यह ऐतिहासिक दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है और उस दिन से लेकर आज तक सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहे हैं।

प्रशासनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी तथा अन्य के साथ-साथ राजभाषा हिंदी संबंधी नीति, नियम, अधिनियमों का अनुपालन व हिंदी का प्रचार-प्रसार करना हमारा नैतिक व संवैधानिक दायित्व है। मुझे आशा है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने इस दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। एक प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते यह हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम सब अपना-अपना कर्तव्य पालन निष्ठा के साथ करें। हमें अपनी राजभाषा हिंदी पर गर्व महसूस होना चाहिए जो सभी क्षेत्रीय भाषाओं को अपने साथ लेकर राष्ट्र के लोगों को एक सूत्र में जोड़ने का काम करती है।

प्रशिक्षण महानिदेशालय में 01 सितम्बर, 2020 से 15 सितम्बर, 2020 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है तथा इस दौरान अनेक हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा हैं। सभी कार्मिकों से अनुरोध है कि आप उत्साहपूर्वक इन प्रतियोगिताओं में भाग लें। हिंदी दिवस के इस अवसर पर मैं अपील करता हूँ कि आप सभी हिंदी के प्रयोग के महत्व को समझते हुए इसे अपने कामकाज की भाषा बनाने का संकल्प लें।

आज हम सब मिलकर संकल्प लें कि महानिदेशालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों में अधिकाधिक काम हिंदी में किया जाए ताकि इससे राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। जय हिंद।

(नीलम शमी राव)

महानिदेशक / अपर सचिव

14 सितम्बर, 2020